दिनांक: 03.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर आज राज्यसभा में चर्चा होगी। विधेयक को उच्च सदन के कामकाज की अनुपूरक सूची में सूचीबद्ध किया गया है। आज सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने घोषणा की कि सदन दोपहर 1:00 बजे विधेयक पर विचार करेगा। इससे पहले कल रात करीब 12 घंटे की चर्चा के बाद लोकसभा ने इस विधेयक को पारित किया था। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर आज थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक पहुंचे। थाईलैण्ड के उप–प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। थाईलैण्ड पहुंचने पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे आधिकारिक वार्ताओं में भाग लेने तथा भारत और थाईलैण्ड के बीच सहयोग मजबूत करने को इच्छुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज शाम थाईलैण्ड के प्रधानमंत्री पिटॉंगटर्न शिनावात्रा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे परस्पर संबंधों के सभी आयामों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस बार बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का विषय है–बिम्सटेक–समृद्ध, लचीला और मुक्त। सम्मेलन में बैंकॉक दृ ष्टिकोण 2030 को अपनाया जाएगा।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने आरएएस–2023 मुख्य परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की दोबारा गणना का अवसर दिया है। इसके लिए अभ्यर्थी आज से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन नहीं किए जा सकेंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केवल प्राप्तांकों की पुनर्गणना की जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच संभव नहीं होगी।

0000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में आवेदन की अंतिम तिथि बढाई गई है। विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता और पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर को 21 अप्रेल तक अपडेट किया जा सकता है। वहीं उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए 30 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया है। परीक्षा प्रभारी योगेश भाटी ने बताया कि पूर्व में परीक्षा पंद्रह अप्रैल को संपन्न होनी थी। जबकि अब परीक्षा सत्रह अप्रैल तक चलेगी।
उन्होंने बताया कि नौ अप्रैल को बारहवीं बोर्ड की परीक्षा होने के कारण शिक्षा विभाग ने यह बदलाव किया है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं।

0000

केन्द्र सरकार ने पूनम गुप्ता को भारतीय रिजर्व बैंक का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। वह माइकल देवव्रत पात्रा की जगह लेंगी, जिन्होंने इस साल जनवरी में पद छोड़ा था। ये फैसला इस महीने की 7 से 9 तारीख तक होने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक से पहले लिया गया है।

0000

पाली की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने और स्वच्छता के लिए शहर का सारा कचरा अब सीधे खेतावास स्थित सॉलिड वेस्ट प्लांट में निस्तारित किया जायेगा। इस प्लांट की 100 टन कचरा प्रतिदिन कम्पोस्ट प्रोड्यूस करने की क्षमता है। इससे आरडीएस और कम्पोस्ट खाद भी मिलेगी। कचरे से बनने वाली कम्पोस्ट खाद, विभिन्न सहकारिता संस्थाओं के माध्यम से किसानों को उपलब्ध करवाई जाएगी। प्लांट के शुरू होने से प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

0000

नार्कोटिक्स विभाग की ओर से झालावाड ज़िले में आज से लाइसेंसधारी अफीम उत्पादक किसानों से अफीम की तुलाई की जा रही है, जो 20 अप्रैल तक चलेगी।

इस दौरान ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों के 2 हजार 844 अफीम उत्पादक किसान अपनी उपज तुलवा सकेगे। तुलाई की सारी प्रक्रिया ज़िला मुख्यालय पर स्थित गोविंद भवन में, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में, की जा रही है।

0000

प्रदेश में एक पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज जयपुर और भरतपुर संभाग में भी मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं कई अन्य जिलों में मौसम साफ रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। जैसलमेर में 39 दशमलव 5, चित्तौडगढ में 39 दशमलव 2, जालौर में 39 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में 36 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दो–तीन दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**0000**

- वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर आज राज्यसभा में चर्चा होगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर आज थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक पहुंचे।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने आरएएस–2023 मुख्य परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की दोबारा गणना का अवसर दिया है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में आवेदन की अंतिम तिथि बढाई गई है।
- प्रदेश में एक पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई।
  विस्तृत समाचारों के लिए क्लिक करें–

**0000**